वर्ष- 11 अंक - 51 पृष्ठ - 8 मूल्य - 2 रू.

इंदौर प्रति मंगलवार , 28 जनवरी 2025 से 3 फरवरी 2025 तक

RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार







### जय बापू ,जय भीम, जय संविधान, बड़ी संख्या में लोग महू सभा में पहुंचे

# भाजपा संविधान बदलना चाहती है, हम संविधान की रक्षा करेंगे - राहुल गांधी

### -मीडिया की भी घेराबंदी राहुल ने कहा अदानी अंबानी के इशारों पर काम कर रहा है मीडिया

### -किशनगंज आरओबी से सभास्थल करीब चार किलोमीटर पैदल रेला देख लोग हुए अचंभित

महू। महात्मा गांधी तिरस्कार डॉ# भीमराव अंबेडकर का घोर अपमान और संविधान के निरंतर निरादर के विरुद्ध कांग्रेस की विशाल आम सभा (60 हजार से अधिक) वेटरनरी कॉलेज महू पर आयोजित की गई सभा को लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा 30 मिनट संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को बदलना चाहती है हम उसकी रक्षा एवं सुरक्षा करेंगे हिंदुस्तान में दो विचारधारा चल रही है एक तरफ कांग्रेस संविधान के लिए लड़ रही है वहीं भाजपा संविधान बदल रही है आरएसएस के मोहन भागवत कहते हैं कि आजादी मोदी जी के बाद मिली है यह संविधान पर आक्रमण है संविधान जिस दिन खत्म हुआ उसे दिन गरीब ,आदिवासी, पिछड़ा, वर्ग के लोगों के लिए कुछ नहीं बचेगा।

लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा देकर संविधान बदल देंगे बताया जा रहा था किंतु 240 पर ही रह गए क्योंकि हम संविधान की रक्षा के लिए हम उतर गए पूरे देश का धन अदानी अंबानी को दिया जा रहा है यह जितने आगे बढ़ेंगे मानो आपके बच्चों को रोजगार नहीं मिलेंगे करोड़ों की शादियों का जिक्र करते हुए कहा कि लोग 10 करोड़ 15 करोड़ की घड़ियां पहन रहे हैं जीएसटी एवं नोटबंदी को गरीबों को खत्म करने की योजना है। पेट्रोल की कीमतें बढ़ने पर उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल बाजार में कीमत कम होने के बाद भी पेट्रोल के दाम कम नहीं किए गए हैं आजादी के बाद सबको अधिकार दिए गए कॉन्ट्रैक्ट पूंजी पतियों के हाथ में चले गए शिक्षा के लिए हम बच्चों पर लाखों रुपए खर्च करते हैं कि उन्हें सर्टिफिकेट प्राप्त होकर अच्छा रोजगार मिले किंतु आईआईएम, आईटीआई, के विद्यार्थियों को भी रोजगार नहीं मिल रहे हैं आपके गुलाम बनाया जा रहा है।

राम मंदिर जिक्र करते हुए कहा कि राष्ट्रपति आदिवासी होने के कारण उन्हें मंदिर में नहीं जाने दिया दलित और पिछड़ों के संग भी ऐसा किया जा रहा है हम जातीगत जनगणना करवा कर बताएंगे कि हिंदुस्तान में कितनी किसकी भागीदारी है देखने में आ रहा है कि 5% भागीदारी और 50% जनसंख्या आपने यह भी बताया कि मैंने 500 व्यापारी टाटा बिरला जैसे की जानकारी ली पर उसमें से एक भी दलित पिछड़ा नहीं है यह भी बताया कि मीडिया कैमरा लेकर घूम रहे हैं यह अडानी अंबानी के मीडिया हैं यह उनकी शादी बताएंगे पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान की बात करेंगे पर किसानों की बेरोजगारी दलितों की फिक्ररों की गरीबों की की बात नहीं बताएंगे सरकार पर यह भी आरोप लगाया कि अगर ज्यादा चिल्लाएंगे तो जेल भेज दिए जाएंगे हमने तेलगाना में जाति जनगणना प्रारंभ कर दिया है कितनी किसकी भागीदारी है यह हम बताएंगे

वही राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा संबोधित किया जाकर कहा कि आरएसएस भाजपा देशद्रोही है। आजादी को बचाकर रखना इसके लिए हिम्मत जरूरी है संविधान को तो यह नमस्कार करते हैं और कार्य संविधान के खिलाफ करते हैं हमें नेहरू जी इंदिरा जी राजीव गांधी के कार्यों को आगे बढ़ाना है जाति गणना से भी हमें लाभ है हमेशा यह कहते हैं कि बाबा साहब को इन्होंने हराया है किंतु बाबा साहब के पत्र में उन्होंने स्पष्ट कहा है कि देसाई और सावरकर ने चुनाव हराया है इस पर ध्यान मत दो सब कुछ कांग्रेस ने किया है

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, मध्य प्रदेश प्रतिपक्ष के नेता उमंग सिंगार हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह तेलगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी द्वारा भी उद्बोधन किया जाकर संविधान रक्षा की बात की गई। सभा के प्रारंभ में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं प्रतिपक्ष नेता उमंग सिंगार द्वारा दुपट्टा उड़ा कर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। सभा में उपस्थित जनों का आभार प्रदर्शन पूर्व मंत्री वाला बच्चन द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ,कमलनाथ, पवन खेड़ा सचिन पायलट अजय सिंह योगेश यादव इंदौर जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव विधायक सांसद राज्यसभा सांसद कांग्रेस के राष्ट्रीय पदाधिकारीगण और संपूर्ण मध्य प्रदेश से कांग्रेस कार्यकर्ता महिला पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे

# इंस्पेक्टर की पत्थरों से कुचलकर हत्या

### खजराना बायपास इलाके में तीन दिन पहले मिले शव की पहचान पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) के इंस्पेक्टर प्रभात नारायण चतुर्वेदी के रूप में हुई है।

उन्हें पत्थरों से कुचलकर बेरहमी से मारा गया और फिर उनका शव बायपास पर एक गार्डन के पास फेंक दिया गया। पुलिस ने तीन दिनों तक उनकी शिनाख्त करने की कोशिश की। सोमवार को उनके परिजन विजय नगर थाने में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे, तब पुलिस ने उन्हें लावारिस शव की जानकारी दी। इसके बाद शव की पहचान इंस्पेक्टर चतुर्वेदी के रूप में हुई।

### अज्ञात शव का मामला दर्ज हुआ था

डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि 24 जनवरी की सुबह करीब 10 बजे खजराना क्षेत्र में 42 वर्षीय व्यक्ति का खून से लथपथ शव बरामद किया गया था। कपड़ों की तलाशी में कोई पहचान पत्र नहीं मिला था। पुलिस ने अज्ञात शव का मामला दर्ज कर शिनाख्ती के प्रयास शुरू किए और 25 जनवरी को यह पुष्टि हुई कि शव पीआरटीएस इंस्पेक्टर प्रभात नारायण चतुर्वेदी का है। पीआरटीएस अधिकारियों ने बताया कि इंस्पेक्टर चतुर्वेदी 22 जनवरी को ड्यूटी पर आए थे, लेकिन उसके बाद से ही वे लापता थे। इससे पहले भी वे बीमारी और अन्य कारणों से कई बार ड्यूटी से गैरहाजिर रहे हैं। उनकी हत्या किसने और क्यों की, इसे लेकर पुलिस जांच कर रही है। परिजनों ने बताया कि वे घर से करीब 50 हजार रुपए लेकर निकले थे।

### दो बेटे, एक का होटल

प्रभात नारायण चतुर्वेदी की पत्नी मत्स्य पालन विभाग में सेकंड ग्रेड ऑफिसर हैं। उनके दो बेटे हैं, जिनमें से एक यूपीएससी की तैयारी कर रहा है और दूसरा विजय नगर इलाके में होटल का संचालन करता है। परिवार इस घटना से गहरे सदमे में है और हत्या की ठोस वजह को लेकर अब तक कुछ नहीं कहा जा सका है। पुलिस अब तक परिवार के बयान भी दर्ज नहीं कर पाई है। घटना के बाद खजराना पुलिस ने इलाके में घटना स्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में सुबह करीब 4 बजे एक ऑटो रिक्शा घटनास्थल से गुजरता दिखाई दिया। पुलिस इसी ऑटो रिक्शा की मदद से आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। शव मिलने के बाद परिजनों से पोस्टमार्टम भवन में पहचान करवाई गई। पीआरटीएस अधिकारियों ने यह भी बताया कि इंस्पेक्टर चतुर्वेदी अत्यधिक शराब पीने के आदी थे और कई बार इस वजह से ड्यूटी से भी गैरहाजिर रहे।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

# स्कूल में खीर-पुड़ी और हलवा खाया, 40 बच्चे बीमार

## खंडवा में फूड पॉइजनिंग; जमीन पर लिटाकर किया इलाज

**खंडवा,** (एजेंसी)। खंडवा में गणतंत्र दिवस पर स्कूल में खीर-पुड़ी और हलवा खाने के बाद 40 से ज्यादा बच्चे बीमार पड़ गए। उन्हें उल्टी और दस्त की शिकायतें होने लगी। बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां बेड कम पड़ गए तो जमीन पर लिटाकर इलाज करना पड़ा। डॉक्टरों ने बताया कि बच्चों को फूड पॉइजनिंग हुई है। मामला हरसूद क्षेत्र के कसरावद गांव में रविवार सुबह का है। स्कूल में 10 बजे झंडा फहराने के बाद प्राइमरी, मिडिल और आंगनवाड़ी के बच्चों को खाना परोसा गया था। शाम 6 बजे के करीब एक-एक कर के बच्चे बीमार पड़ने लगे।

**25 बच्चे अभी भी अस्पताल में भर्ती**-गांववालों ने बीमार बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। शुरूआत में 15 बच्चों को प्राथमिक इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया था। शाम को इनकी संख्या बढ़ने पर अस्पताल में बेड कम पड़ गए। इसके बाद जमीन पर बेड लगाने पड़े। 25 बच्चों का इलाज अभी भी जारी है।

**स्व-सहायता समूह ने बनाया था भोजन**-पंचायत सचिव अमरदास राजपूत ने बताया कि सुबह झंडावंदन के बाद सहभोज



आयोजित किया था। मध्यान्ह भोजन का संचालन करने वाले स्व-सहायता समूह के माध्यम से बच्चों को भोजन वितरित किया गया था। मेन्यू में सब्जी-पुड़ी, खीर और मिठाई में हलवा था।

**डॉक्टर ने कहा- किसी की हालत गंभीर नहीं**-हरसूद अस्पताल के सीनियर डॉक्टर आशीष राज मिश्रा का कहना है कि 40 बच्चे एडमिट हुए हैं, सभी को उल्टी की शिकायत हैं। ऐसा फूड पाइजनिंग से हो सकता है, हालांकि यह जांच का विषय है। बाकी किसी भी बच्चे की हालत क्रिटिकल नहीं हैं। इलाज के बाद उन्हें डिस्चार्ज भी किया जा रहा हैं।

**सरपंच ने दूध में गड़बड़ी की संभावना जताई**-सरपंच संजय पटेल का कहना है कि गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम के बाद स्कूल में बच्चों के साथ स्टाफ और जनप्रतिनिधियों ने भी भोजन किया था। हालांकि, फूड पॉइजनिंग सिर्फ प्राइमरी और आंगनबाड़ी के बच्चों को हुई। इनमें भी जिन बच्चों ने खीर खाई है, उन्हें ही उल्टियां हुई। आशंका है कि खीर के दूध में गड़बड़ी थी।

# फेंक देंगे काटकर ..गाने पर एमबीए स्टूडेंट की रील

## रीवा में पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, ओवैसी के 15 मिनट वाले भाषण पर भी वीडियो

**रीवा,**(एजेंसी)। रीवा के अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में एमबीए की स्टूडेंट अल्फिया खान की सोशल मीडिया पर अपलोड की गई रील पर विवाद हो गया है। हिंदू संगठनों के विरोध के बाद पुलिस ने छात्रा पर केस दर्ज किया है।

दरअसल, वीडियो रील में ख्वाजा के गुलामों से उलझना छोड़ दे.. फेंक देंगे काटकर.. एंबीएंस बज रहा है। जिसमें छात्रा अपनी गर्दन पर हाथ रखकर इशारा करती है। वहीं दूसरी रील में असदुद्दीन ओवैसी के एक भाषण का 15 मिनट वाला एबींएस बज रहा है। जिस पर छात्रा ने रील बनाई है।

**यूनिवर्सिटी ने दिया नोटिस, छात्रा ने मांगी माफी**-हिंदू संगठनों के विरोध और एफआईआर दर्ज होने के बाद अल्फिया खान ने सोशल



मीडिया पर एक और वीडियो पोस्ट कर माफी मांगी है। उसने कहा है कि

किसी भी धर्म के लोगों को इस वीडियो से ठेस पहुंची हो तो मैं उसके लिए माफी मांगती हूं। मेरा किसी को ठेस पहुंचाने का उद्देश्य नहीं था। गाना ट्रेंड हो रहा था तो मैने भी बना लिया, आगे से इस तरह की कभी रील नहीं बनाऊंगी। इसको भी मैं हटा दी हूं। इधर, रील सामने आने के बाद अवधेश प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी ने भी छात्रा को नोटिस दिया है। यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने छात्रा को सस्पेंड करने की चेतावनी दी है।

**छात्र संगठन के नेताओं ने की शिकायत, अगले दिन केस दर्ज**-अल्फिया की सोशल मीडिया पर अपलोड की गई रील को लेकर हिंदू संगठनों और छात्र संगठनों ने कड़ी नाराजगी जताई। रविवार देर रात विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मामले की लिखित शिकायत लेकर थाने पहुंचे। जहां वे रात में ही एफआईआर दर्ज करने की मांग पर अड़ गए। इसके बाद पुलिस ने सोमवार सुबह एफआईआर दर्ज करने की बात कहकर शिकायती आवेदन थाने में जमा कर लिया। सोमवार की दोपहर को छात्रा पर मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है।

# कचरे के निष्पादन को लेकर क्षेत्र में लगातार जनसंवाद जारी-प्रभारी मंत्री

**धार,**(निप्र)। प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि यूनियन कार्बाइड के कचरे के निष्पादन को लेकर क्षेत्र में लगातार जनसंवाद जारी है। साथ ही जनमानस की इस संबंध में भ्रांतियों को दूर करने के लिए एक वीडियो भी जारी किया गया है। जिसमें कचरे के निष्पादन को लेकर जो पूर्व की मीटिंग में प्रश्न सामने आए थे, उसके सारे जवाब मौजूद है। कचरे को पूर्ण रूप से वैज्ञानिक पद्धति से जलाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धार जिले की जनता से कहना चाहता हूँ कि जारी इस वीडियो को अवश्य देखें, समझें। आपको



जो भी बताया जाएगा वो सब वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर बताया जाएगा। इस वीडियो को आप भी देखे, औरों को भी दिखाए और समझाएं, भ्रमित ना हों। जारी वीडियो को हमने इंदौर में भी प्रसारित किया है। लोग देख रहे हैं। हम जनकल्याणकारी सरकार हैं। जनता के हित के लिए हम प्रतिबद्ध है। इसके लिए केंद्र सरकार के भी अधिकारी है, वह लोग भी इसकी मॉनिटरिंग कर रहे है। एक एक चीज की जानकारी भारत सरकार के पास भी जाएगी। इसलिए जो एक भ्रम और डर जनता में फैला है। उसे दूर करना बहुत जरूरी हैं। आप सभी इसमें महती भूमिका अदा कर सकते हैं।



रणजीत टाइम्स (संवाददाता)

## हवाई समिति ने क्या झंडा वंदन

इंदौर हवाई समिति के उपाध्यक्ष श्याम बंगाली विनोद वर्मा ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि नीलकंठ महादेव मंदिर सुरेंद्रनगर टिकरिया बसिया रोड पर भाजपा नेता जीतू जी कुशवाह कुरील समाज अध्यक्ष गणेश कुरील थे इस अवसर पर मिठाई का वितरण भी हुआ झंडा वंदन के बाद जीतू कुशवाहा ने अपने उत्पादन में गणतंत्र दिवस की सभी देशवासियों को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष अशोक तिवारी मुकेश बाबा राजेंद्र मालवीय पत्रकार राजू प्रजापत खाटू श्याम किराना स्टोर प्रभु दयाल यादव हरिप्रसाद यादव रामधनी यादव संतोष मालवीय सेन देव शंकर मिश्रा कपिल परमार मंगल तिवारी शशि तिवारी पूजा तिवारी अनीता मिश्रा पुष्पा यादव उपस्थित थे। राष्ट्रगान नन्ही मुन्नी बालिका पीहू ने गया।

महाकुंभ स्पेशल ट्रेन में

# तोड़फोड़

**छतरपुर।**

### प्रयागराज जा रही महाकुंभ स्पेशल ट्रेन में बीती रात उपद्रवियों ने पथराव कर दिया।

ट्रेन जैसे ही हरपालपुर स्टेशन पहुंची, युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना से यात्रियों में चीख पुकार मच गई।

दरअसल, झांसी से प्रयागराज महाकुंभ जा रही ट्रेन रात 1 बजे स्टेशन पर पहुंची थी। लेकिन यात्रियों ने दरवाजे नहीं खोले, जिस पर कुछ युवक भड़क उठे। उपद्रवियों ने गेट और खिड़कियों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। जिससे यात्री घबरा गए। बच्चे और महिलाएं जान बचाने की गुहार लगाती रहीं। हमले में कुछ को मामूली चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि उपद्रवी ट्रेन में जबरन घुसने की कोशिश कर रहे थे, जिससे यात्रियों ने दरवाजा नहीं खोला। हमले के बाद स्थानीय पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल को तत्काल मौके पर बुलाया गया। रेलवे अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। इस घटना से कई ट्रेनें प्रभावित हो गई हैं।



उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

# मुख्यमंत्री ने नेहरू स्टेडियम में फहराया राष्ट्र-ध्वज

## संविधान कराता है गौरव और स्वाभिमान के साथ हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों का बोध : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

इंदौर (नप्र)। इन्दौर में रविवार को 76वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्सव, उमंग और देशभक्ति के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह इन्दौर के नेहरू स्टेडियम में आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जोश और जुनून के साथ उत्साह भरे वातावरण में झण्डावंदन किया। उन्होंने परेड की सलामी ली। इस मौके पर विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा आकर्षक एवं नयनाभिराम झांकियां भी निकाली गई। स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत के 76वें गणतंत्र दिवस के मंगल अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करते हुए कहा कि आज राष्ट्र के जन-गण-मन में देशभक्ति और देश के लिए गर्व का भाव सशक्त हो रहा है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व-गुण के फलस्वरूप यह संभव हुआ है। आज संपूर्ण विश्व में भारत की गरिमा और साख बढ़ रही है। गणतंत्र दिवस की वर्षगाँठ पर राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए शहीद राष्ट्रभक्तों और ज्ञात-अज्ञात सेनानियों के चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा कि आज संविधान निमार्ताओं के प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित करने का दिन है। हमारा संविधान गौरव और स्वाभिमान के साथ हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों का बोध भी करवाता है। संविधान दिवस के माध्यम से हमारा राष्ट्र संविधान की महिमा को एक उत्सव के रूप में मनाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गणतंत्र दिवस की वर्षगाँठ पर यह बताते हुए प्रसन्नता है कि एक वर्ष में प्रदेश के चहुँमुखी विकास के साथ प्रदेश की जनता के हित में जन-सहयोग से जो कार्य हुए हैं, उनसे मध्यप्रदेश विकसित राज्य के रूप में पहचान बना रहा है। इस उपलब्धि का श्रेय प्रदेश के लगभग साढ़े आठ करोड़ नागरिकों को जाता है, जो इस पहचान के शिल्पकार रहे हैं। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप विकसित भारत के लिए विकसित मध्यप्रदेश की हमारी यात्रा निरंतर चल रही है। 76वें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत अभूतपूर्व उत्साह का माहौल था। समारोह में 19 प्लाटूनों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झण्डावंदन के पश्चात खुली जीप से सम्पूर्ण परेड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ कलेक्टर आशीष सिंह और पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह थे। उन्होंने परेड कमाण्डरों से परिचय भी प्राप्त किया। परेड के दौरान सशस्त्र दलों द्वारा हर्ष फायर किये गये। खुला आसमान तिरंगे के तीन रंगों से सराबोर हो गया।

### 18 विभागों द्वारा निकाली गई नयनाभिराम झाँकियाँ

समारोह के दौरान विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा राज्य शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों पर आधारित नयनाभिराम झाँकियाँ निकाली गई। इनमें मुख्य रूप से नगर निगम इन्दौर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कचरे का रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकल करना ताकि कार्बन उत्सर्जन को कम किया जा सके। खजराना ग ेश मंदिर की झाँकी में भक्तों हेतु सुविधायुक्त दर्शन व्यवस्था, आधुनिक विद्युत साज-सजावट के साथ परिसर का सौन्दर्यीकर । तथा ध्वनि उपकर । के माध्यम से मधुर मंत्रोच्चार की सम्पू ् व्यवस्था। इसी तरह शिक्षा विभाग की झाँकी द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए साईन लेंग्वेज, ब्रेल लिपि से शिक्षा को दशार्या गया। समारोह के दौरान तीन विद्यालयों के बच्चों ने राष्ट्रीयता, देशभक्ति, एकता और सद्भावना पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

# आप भी बन सकते हैं मुख्यमंत्री-डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने शासकीय स्कूल में बच्चों के साथ किया मध्यान्ह भोजन



इंदौर (नप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के पश्चात पार्क रोड स्थित शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर विद्यालय पहुंचे। यहां वे गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मध्यान्ह भोजन अन्तर्गत आयोजित विशेष भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन किया। मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों को स्कूली बैग, पानी बॉटल आदि भी वितरित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक शासकीय स्कूल में विज्ञान के प्रति कल्पनाशीलता के आधार पर जो हो सकता है वह इस स्कूल में देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। उन्होंने गणतंत्र दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासकीय स्कूलों में शैक्षणिक सुविधाओं को बेहतर से बेहतर बनाने के लिये कारगर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में शैक्षणिक सुधार की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई जन्मों के पुण्य के बाद मानव शरीर मिलता है। जीवन में ज्यादा से ज्यादा सीखें और ज्ञान अर्जित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगे कहा कि समय का सदुपयोग करें। अपनी योग्यता साबित करें और उन्नति करें। उन्होंने कहा कि मैं भी सरकारी स्कूल से पढ़कर निकला हूं, हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी सरकारी स्कूल में पढ़े हैं। हम सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के अवसर समान रूप से सभी स्कूलों में पाते हैं। जहां मैं खड़ा हूं वहां आप भी खड़े हो सकते हैं। यही लोकतंत्र की ताकत है। उन्होंने कहा कि बच्चे शिक्षा के साथ संस्कार भी प्राप्त करें। बागे बढ़े, उन्नति करें और देश के विकास में अपना योगदान दें।

## महापौर ने निगम मुख्यालय व सिटी बस ऑफिस में फहराया तिरंगा

इंदौर (नप्र)। भारत के 76वें गणतंत्र दिवस के शुभावसर पर आज नगर निगम मुख्यालय पर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा झंडा वंदन किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले निगम अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया। इसके साथ ही महापौर व निगम आयुक्त ने सिटी बस ऑफिस में झंडावंदन किया।

# मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र सेनानियों का किया विशेष सम्मान

इंदौर। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के नेहरू स्टेडियम में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में तिरंगा फहराया । इस अवसर पर आयोजित गरिमामय गणतंत्र दिवस समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आपातकाल में लोकतंत्र की रक्षा के लिए त्याग, संघर्ष और बलिदान देने वाले लोकतंत्र सेनानी संघ इंदौर के जिला अध्यक्ष गिरीश शर्मा ₹आदित्य सहित जिले के लोकतंत्र सेनानियों का विशेष रूप से शाल, श्रीफल एवं पुष्प वर्षा से सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने समारोह स्थल पर पांडाल में उपस्थित सेनानियों से व्यक्तिगत रूप से भेंट कर उनके हाल चाल, कुशल क्षेम की जानकारी प्राप्त की। इस गौरवशाली अवसर पर लोकतंत्र सेनानी संघ, इंदौर के अति सक्रिय जिला अध्यक्ष गिरीश शर्मा आदित्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश अग्रवाल ने प्रत्येक सेनानी का मुख्यमंत्री से परिचय कराया और उनके संघर्षों से अवगत



कराया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सर्वश्री रामबाबू अग्रवाल, गोपालदास अग्रवाल, गोविन्द चौरसिया , विनोद अग्रवाल, आलमगीर गौरी, गिरीश भावसार, राकेश त्रिपाठी, उमेश चंद्र माहेश्वरी, रमेश पूरी, सुरेंद्र वर्मा, गंगाराम चौधरी, बद्री ठेकेदार, बाबूलाल शर्मा, प्रेमस्वरूप शर्मा,दयाराम वर्मा, रामचरण रामचंद्र खाती, पत्रकार नियामत खान, सुभाष वर्मा, नरोत्तम माहेश्वरी, ओम वर्मा, लक्ष्मण सैनी एवं उपस्थित अनेक लोकतंत्र सेनानियों का अभिनन्दन करते हुए उनको देश की विरासत निरूपित किया।

# श्री गुजराती समाज ने मनाया गणतंत्र दिवस

### एनसीसी और स्काउट छात्रों की मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

इंदौर (नप्र)। इंदौर के श्री गुजराती समाज की नसिया और महारानी रोड स्थित संस्था में 76वें गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में समाज के उपाध्यक्ष गोविंदभाई पटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

कार्यक्रम की शुरूआत एनसीसी और स्काउट के छात्रों की मार्च पास्ट से हुई, जिसकी सलामी गोविंदभाई ने ली। के.बी. पटेल की छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किया। सीएमपी स्कूल के छात्रों ने सरहद पर तैनात जवानों की स्थिति को नृत्य के माध्यम से दशार्या। आर.आर.एम.बी. विद्यालय के छात्रों ने समूह गीत, योग और नृत्य प्रस्तुतियां दीं। विशेष रूप से लौह पुरुष सरदार पटेल की भूमिका में छात्रों के प्रदर्शन को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में मानद महामंत्री पंकज संघवी, ट्रस्ट बोर्ड सचिव मनोज पारिख, सह-सचिव नरेंद्र पटेल, राजेंद्र पटेल सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के कॉलेज प्राचार्य चेयरमैन नितेश तुरखीया, राजेश धर्मशी, स्कूल चेयरमैन निलेश पटेल, कमलेश



शाह, विशाल पारिख,राजेश व्यास और ट्रस्टी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य गोविंद सिंघल, शुभा ओझा, किरण दमानी, दिनेश माहेश्वरी और विद्यालय की प्राचार्य श्वेता तागड़े, ज्योत्सना नागद्रे, निधि मूंगी, दक्षा पारिख के साथ प्रोफेसर्स, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य रश्मिकांत संघवी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

### भारत-इंग्लैंड के बीच तीसरा टी20 मैच आज

# सूर्यकुमार से बड़ी पारी की उम्मीद, श्रृंखला जीतने उतरेगा भारत

**राजकोट,** (एजेंसी)। पहले दो मैच में जीत से उत्साहित भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव फॉर्म में लौटना चाहेंगे। पिछले साल सूर्यकुमार ने जब टीम की कमान संभाली तो भारत ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन कप्तान स्वयं रन बनाने के लिए जूझते रहे। टी20 के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक सूर्यकुमार ने इस बीच 17 पारियों में 26.81 की औसत से 429 रन बनाए।

सूर्यकुमार को खराब फॉर्म के कारण चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूनामेंट के



लिए भारतीय टीम में भी नहीं चुना गया। वह इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टी20 श्रृंखला के पहले दो मैच में भी नहीं चल पाए और अब समय आ गया है जबकि उन्हें खुद को साबित करना होगा। सूर्यकुमार की खराब फॉर्म और संजू सैमसन की शॉर्ट पिच गेंद के सामने कमजोरी के कारण भारत चेन्नई में खेले गए दूसरे मैच में मुश्किल स्थिति में फंस गया था लेकिन तिलक वर्मा ने एक छोर संभाले रखकर टीम को दो विकेट से रोमांचक जीत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका में शानदार प्रदर्शन करने वाले सैमसन पिछले दो मैच में जोफ्रा आर्चर की शॉर्ट पिच गेंद पर आउट हुए। उन्हें जल्द से जल्द इस कमजोरी से पार पाना होगा।

राजकोट की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर भारत का प्रदर्शन अच्छा रहा है और उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाकर बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। आर्चर और मार्क वुड ने अभी तक अपनी शॉर्ट पिच गेंद से भारतीय बल्लेबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश की है। लेकिन तिलक के सामने उनकी यह रणनीति कारगर साबित नहीं हुई है।

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन :

# विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल आर्यना सबालेंका नंबर-1 पर बरकरार

**मेलबर्न,** (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में महिला एकल चैंपियन मैडिसन कीज ने सोमवार को जारी डब्ल्यूटीए विश्व रैंकिंग में अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करते हुए फिर से शीर्ष 10 में जगह बनाई, जबकि पुरुष वर्ग के चैंपियन यानिक सिनर ने एटीपी सूची में अपनी महत्वपूर्ण बढ़त बनाए रखी। कीज ने शनिवार को शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका पर तीन सेट की जीत के साथ अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इससे वह सात स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।

कीज महिला वर्ग में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाली अमेरिका की चौथी खिलाड़ी है। उनके अलावा कोको गॉफ (नंबर तीन), जेसिका पेगुला (नंबर छह) और एम्मा नवारो (नंबर नौ) शीर्ष 10 में शामिल अन्य अमेरिकी खिलाड़ी हैं। सबालेंका ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खिताब की हैट्रिक पूरी नहीं कर पाई लेकिन वह नंबर एक पर बनी हुई हैं। उनके बाद इगा स्वियातेक का नंबर आता है जो सेमीफाइनल में कीज से हार गई थी। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग क्विनवेन तीन स्थान गिरकर आठवें स्थान पर खिसक गई है जबकि पाओला बडोसा मेलबर्न पार्क में सेमीफाइनल में पहुंचने के



बाद दो स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष 10 में पहुंच गईं।

पुरुषों के वर्ग में चोटी के चार खिलाड़ियों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पिछले साल जून से नंबर एक पर काबिज सिनर इस स्थान पर बने हुए हैं जबकि फाइनल में उनसे हारने वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। उनके बाद कार्लोस अलकराज और टेलर फ्रिट्ज का नंबर आता है। पांव की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण सेमीफाइनल से हटने वाले नोवाक जोकोविच एक पायदान ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि दानिल मेदवेदेव दो पायदान नीचे सातवें स्थान पर फिसल गए हैं।

## घरेलू क्रिकेट को लेकर पंड्या की प्रतिबद्धता कप्तानी की संभावना के लिये अहम : मांजरेकर

नयी दिल्ली, (एजेंसी)। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने संजय मांजरेकर का मानना है कि घरेलू क्रिकेट के लिये हार्दिक पंड्या की प्रतिबद्धता और बीसीसीआई की चयन समिति में बदलाव से तय होगा कि वह भारत की सीमित ओवरों की कप्तानी के लिये दीर्घकालिक विकल्प हो सकते हैं या नहीं ।

पंड्या 16 टी20 मैचों में भारत की कप्तानी कर चुके हैं । इसके बाद चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर और नये मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टी20 क्रिकेट में सूर्यकुमार यादव को कप्तान बनाया । मांजरेकर ने कहा ,बीसीसीआई के नये प्रबंधन या चयन समिति से भारतीय क्रिकेट के समीकरण बदल सकते हैं । हर किसी का अपना तरीका होता है । पंड्या के लिये जरूरी है कि वह लगातार खेलने की इच्छाशक्ति दिखाये ।

उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम डीप प्वाइंट में कहा , वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेलता है लेकिन अगर खेलेगा तो उसका दावा मजबूत होगा । मांजरेकर ने कहा , पंड्या आईसीसी टूर्नामेंटों में हमेशा अच्छा प्रदर्शन करता है ।

# कोल्ड प्ले कॉन्सर्ट अहमदाबाद में गूंजा वंदे मातरम



## क्रिस मार्टिन ने बुमराह के लिए गाना गाया

कोल्डप्ले बैंड का रविवार को अहमदाबाद में फाइनल कॉन्सर्ट हुआ। इस दौरान बैंड के फ्रंट मैन क्रिस मार्टिन ने 'वंदे मातरम' और 'मां तुझे सलाम' गाकर 76वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इसके बाद उन्होंने कॉन्सर्ट खत्म किया। क्रिकेटर जसप्रीत बुमराह भी अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चल रहे कॉन्सर्ट में पहुंचे। क्रिस मार्टिन ने बुमराह के लिए गाना भी गाया। क्रिस ने कहा- जसप्रीत, मेरे खूबसूरत भाई, क्रिकेट के सबसे बेस्ट बॉलर, तुम जब इंग्लैंड के विकेट लेते हो तो ये देखकर हमें मजा नहीं आता। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 25 और 26 जनवरी को हुआ। शो क्रिस मार्टिन के 'म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड टूर' के हिस्से का फाइनल कॉन्सर्ट था। कार्यक्रम में बुमराह के अलावा क्रिकेटर पार्थिव पटेल, गुजराती लोक गायक प्रफुल्ल दवे, उनकी बेटी ईशानी दवे और कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी भी शामिल हुए।

# कंगना रानौत और आर माधवन ने तनु वेड्स मनु ' 3' की शूटिंग की शुरू

## एक्ट्रेस ने ऊटी से फिल्म की झलक की शेयर






कंगना रनौत और आर माधवन की जोड़ी ने 2011 में फिल्म 'तनु वेड्स मनु ' से धमाल मचाया था, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। इसके बाद इस फिल्म का दूसरा पार्ट भी आया था, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा था। अब इस जोड़ी का तीसरा पार्ट 'तनु वेड्स मनु 3' आ रहा है और दोनों स्टार्स ने इसकी शूटिंग भी शुरू कर दी है। कंगना ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म की शूटिंग की झलकियां शेयर की हैं, जिससे उनके फैंस और भी एक्साइटेड हो गए हैं। कंगना ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक फोटो शेयर की है, जिसमें वह 'तनु वेड्स मनु 3' की टीम के साथ बैठी हुई हैं। फोटो में आर माधवन भी उनके सामने बैठे हैं और दोनों शायद किसी सीन की रिहर्सल कर रहे हैं। कंगना ने इस फोटो के साथ लिखा, 'मेरी फेवरेट टीम के साथ वापस लौटकर खुशी हो रही है', और आर माधवन को भी टैग किया। इस फोटो में कंगना ने ब्लू और व्हाइट रंग का प्रिंटेड सूट पहना हुआ है, जबकि आर माधवन मरून जैकेट में नजर आ रहे हैं। दोनों की यह तस्वीर ऊटी के एक कैफे की है, जहां वे अपनी टीम के साथ बैठे हैं।

# पद्म पुरस्कार से सम्मानित हुए निर्देशक शेखर कपूर



पद्म पुरस्कार से सम्मानित हुए निर्देशक शेखर कपूर केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा- मैं खुद को बहुत...केंद्र सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण योगदान देने वाले नागरिकों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। इस साल पद्म पुरस्कार पाने वालों में फिल्म निमार्ता और निर्देशक शेखर कपूर का नाम भी शामिल है। शेखर कपूर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके केंद्र सरकार और अपने फैंस का आभार व्यक्त किया।शेखर कपूर ने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर एक पोस्ट शेयर करते हुए भारत सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, 'यह मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मैं बहुत आभारी हूं कि भारत सरकार ने मुझे पद्मभूषण के योग्य समझा।' शेखर कपूर ने आगे खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'उम्मीद है कि यह पुरस्कार मुझे उस इंडस्ट्री और इस खूबसूरत देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करेगा, जिसका मैं हिस्सा हूं। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली महसूस करता हूं।' शेखर ने इसके साथ ही अपने फैंस का भी धन्यवाद किया और कहा, 'हमारे फिल्म दर्शकों का भी धन्यवाद, मैं इसलिए हूं क्योंकि आप हैं।'

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अखबार








# ट्रंप का निर्णय

## भारत की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक प्रणाली पर प्रभाव

**डॉ. विनोदसेन- सहायकप्रोफेसर, इंदिरागांधी राष्ट्रीयजनजातीयविश्वविद्यालयअमरकंटक, मध्यप्रदेश**
**डॉ. मुकेशकुमारमीणा-सहायकप्रोफेसर, मोहन लालसुखाड़ियाविश्वविद्यालय,उदयपुर, राजस्थान**



आदित्य शर्मा

संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान के 14 संशोधन में निहित जन्मसिद्ध नागरिकता का सिद्धांत, अमेरिकी आव्रजन नीति का एक मुख्य आधार है। यह नीति किसी भी व्यक्ति को, जो अमेरिकी धरती पर पैदा होता है, स्वचालित रूप से नागरिकता प्रदान करती है। 150 से अधिक वर्षों से यह नीति प्रचलित है और इसे व्यापक रूप से अपनाया गया है। हालांकि, यह नीति लंबे समय से विवादों का केंद्र रही है। आलोचक कहते हैं कि यह अवैध आव्रजन और "जन्म पर्यटन" को प्रोत्साहित करती है, जबकि समर्थक इसके समावेशिता और समानता को बढ़ावा देने के गुणों को रेखांकित करते हैं। हाल ही में, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अनिर्दिष्ट प्रवासियों के बच्चों के लिए जन्मसिद्ध नागरिकता समाप्त करने का प्रस्ताव देकर इस बहस को फिर से जीवित कर दिया। इस नीति में बदलाव का भारत जैसे देशों पर गंभीर अल्पकालिक और दीर्घावधिप्रभाव पड़ सकता है, जिनका एक बड़ा प्रवासी समुदाय अमेरिका में निवास करता है। इस लेख में इस नीति के भारत पर आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक प्रभावों का विश्लेषण किया गया है।

### भारत पर आर्थिक प्रभाव

अमेरिका में भारतीय प्रवासी प्रेषण के माध्यम से भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। 2022 में भारत को $100 अरब से अधिक की प्रेषण राशि प्राप्त हुई। अमेरिकी धरती पर पैदा हुए भारतीय-अमेरिकी इस प्रेषण प्रवाह को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं।यदि जन्मसिद्ध नागरिकता समाप्त कर दी जाती है, तो कम भारतीय परिवार अमेरिका में लंबे समय तक रह पाएंगे, जिससे प्रेषण प्रवाह में कमी आएगी। केरल जैसे राज्य, जहां प्रेषण राज्य की सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 36प्रतिशत है, गंभीर आर्थिक व्यवधान का सामना कर सकते हैं।

प्रेषण में कमी से भारत के भुगतान संतुलन (BoP) पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ेगा। डॉलर की कमी से रुपये का अवमूल्यन हो सकता है, जिससे आयात, विशेष रूप से कच्चे तेल जैसे महत्वपूर्ण सामानों की लागत बढ़ जाएगी, जो भारत के कुल आयात का लगभग 20प्रतिशत है। कमजोर रुपया मुद्रास्फीति को भी बढ़ा सकता है, जिससे अर्थव्यवस्था पर और दबाव पड़ेगा।

भारत का विशाल प्रवासी समुदाय, जिसमें 2.7 मिलियन से अधिक भारतीय अमेरिका में निवास करते हैं, उच्च कौशल वाले पेशेवरों के पलायन का हिस्सा है। कई प्रवासी यह अपेक्षा करते हैं कि उनके अमेरिका में जन्मे बच्चों को स्वचालित नागरिकता मिलेगी। इस नीति का अंत प्रतिभाशाली व्यक्तियों को अमेरिका जाने से हतोत्साहित कर सकता है और उन्हें कनाडा, जर्मनी, और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों की ओर मोड़ सकता है, जो अधिक समावेशी आव्रजन नीतियां प्रदान करते हैं।यह उल्टा प्रतिभा प्रवासहो सकता है, जो भारत के आईटी, स्वास्थ्य सेवा और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को लाभ पहुंचा सकता है। हालांकि, इस अवसर का लाभ उठाने के लिए घरेलू बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन में पर्याप्त निवेश की आवश्यकता होगी।

### प्रवासियों और भारतीय समाज पर प्रभाव

अपने बच्चों के लिए नागरिकता की गारंटी के बिना, अमेरिका में भारतीय परिवारों को बढ़ी हुई चिंता और अस्थिरता का सामना करना पड़ सकता है। जिन बच्चों को नागरिकता नहीं मिलेगी, उन्हें स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और अन्य बुनियादी सेवाओं तक पहुंचने में कठिनाई हो सकती है, जिससे लंबे समय तक हाशिए पर रहने की स्थिति बन सकती है।कई परिवारों को भारत लौटने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है, जिससे देश में सामाजिक और आर्थिक दबाव बढ़ सकता है।

भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने सांस्कृतिक योगदान और राजनीति, शिक्षा और व्यापार में सक्रिय भूमिका के माध्यम से अमेरिकी समाज को समृद्ध किया है। सख्त आव्रजन नीतियां भारतीय प्रवासियों को अमेरिकी समाज में पूरी तरह से एकीकृत होने से हतोत्साहित कर सकती हैं, जिससे बहुसांस्कृतिक ताने-बाने कमजोर हो सकते है।यह भारतीय-अमेरिकी समुदाय के प्रभाव को कम कर सकता है, जिसने यूएस-भारत संबंधों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।जिन बच्चों को अमेरिकी नागरिकता नहीं दी जाती है, उन्हें सामाजिक बहिष्कार और कम अवसरों का सामना करना पड़ सकता है, जिससे प्रवासी समुदायों के भीतर असमानता बढ़ सकती है।

### राजनीतिक प्रभाव

अमेरिका में भारतीय प्रवासी दोनों देशों के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु के रूप में कार्य करते हैं, जो द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और कूटनीति को प्रभावित करते हैं। एक ऐसी नीति जिसे प्रवासी-विरोधी माना जाता है, वह राजनयिक संबंधों को कमजोर कर सकती है, भारत की सॉफ्ट पावर को कम कर सकती है और अमेरिका में अपने हितों की वकालत करने की क्षमता को सीमित कर सकती है।

इसके अलावा, प्रभावशाली पदों पर भारतीय-अमेरिकियों की घटती उपस्थिति यूएस कांग्रेस में सबसे बड़े देश-विशिष्ट कॉकस, इंडिया कॉकस को कमजोर कर सकती है।सख्त अमेरिकी नीतियां भारत को वैकल्पिक प्रवासन गंतव्यों जैसे कि यूएई, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रेरित कर सकती हैं, जहां पहले से ही भारतीय आबादी मौजूद है।बीआरआईसीएस या दक्षिण-दक्षिण ढांचे के भीतर सहयोग बढ़ाया जा सकता है, जो अमेरिकी-केंद्रित प्रवासन नीतियों का विकल्प बन सकता है।

ट्रंप का प्रस्ताव संरक्षणवाद की एक व्यापक प्रवृत्ति को दर्शाता है, जो अन्य देशों को समान सख्त आव्रजन नीतियां अपनाने के लिए प्रेरित कर सकता है। यह "मेरा देश पहले" दृष्टिकोण भारतीय श्रमिक निर्यात के अवसरों को सीमित कर सकता है, जो विदेशी मुद्रा का एक प्रमुख स्रोत है।यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों में भी काम करने वाले प्रवासियों पर अधिक सख्त नियम लागू हो सकते हैं, जिससे विदेशों में भारतीय पेशेवरों के लिए विकल्प और कम हो सकते हैं।

### भारत के लिए अवसर

प्रतिभाशाली पेशेवरों की वापसी भारत के तकनीकी, स्वास्थ्य सेवा और स्टार्टअप क्षेत्रों में वृद्धि का उत्प्रेरक बन सकती है। "डिजिटल इंडिया" जैसी पहल, जिसका उद्देश्य देश को एक डिजिटल रूप से सशक्त समाज में बदलना है, लौटने वाले पेशेवरों की विशेषज्ञता से काफी लाभान्वित हो सकती है।हालांकि, इस संभावना को साकार करने के लिए कौशल विकास और बुनियादी ढांचे में लक्षित निवेश आवश्यक है।

भारत अमेरिका पर अपनी निर्भरता को कम कर सकता है और एशिया और अफ्रीका के भीतर व्यापार और निवेश संबंधों को विविध बना सकता है।

# आत्म धर्म की अनुभूति सहजता से संभव

(रणजीत टाइम्स)



धर्म आज समाज में बहुत हद तक दिखावा मात्र रह गया है। इंसान धर्म की बातें तो करता है, उसके व्यवहार में धर्म नहीं दिखाई देता । धर्म के नाम पर लड़ता - झगड़ता है। आडंबरों में उलझा मनुष्य धर्म धारण नहीं कर पाता इसी कारण जन्म-मरण के बंधनों से मुक्त नहीं होता।

वास्तव में सहज होना ही धर्म है। अपनी आत्मा को पाना ही परमात्मा को पाना है। कलयुग की तपस्या अपने मन को और हृदय को शुद्ध बनाना है। आज हमारा मन ही सबसे ज्यादा अशुद्ध है। जो आत्मतत्व की ओर दृष्टि करने के बजाय भौतिक वादिता में रमा रहता है। हम दूसरों को को दोष देने में, शिकायतें करने में, हर जगह कमियां निकालने में, इंसान से ज्यादा चीजों को महत्व देने में अपना समय व्यर्थ गंवाते रहते हैं। इसका कारण अशुद्ध इच्छाएं हैं। हमें प्रकृति से सीखना चाहिए कि किस तरह वह निःस्वार्थ प्रेम करती है। हम उसे क्षतिग्रस्त करते रहते हैं, फिर भी वह हमें देती ही है बिना किसी अपेक्षा के। हमें भी उसी तरह अपने हृदय को शुद्ध बनाना चाहिये । इसका एक मात्र उपाय है, अपने हृदय को निःस्वार्थ निर्वाज्य प्रेम से भरना। इसके लिए हमें अपने गुरुतत्व की जागृति द्वारा सभी प्राणियों, सभी धर्मों, सभी मान्यताओं के शुद्ध तत्व को सम्मान देना होगा उन्हें आत्मसात् करना होगा।

श्री माताजी ने अपनी अमृतवाणी में कहा है कि संन्यासी की कोई जात नहीं होती । संन्यासी का मतलब है कि वह सर्व धर्म जाति को मानता है। यदि कोई भी धर्मगुरु स्वयं को किसी विशेष धर्म का कहता है तो समझ लेना चाहिए कि वह गुरु नहीं है। गुरु तत्व की पहली शक्ति है कि सर्व धर्म का जो निचोड़ है, उसकी जो निपुणता है, भोलापन है उसके अंदर भरा हुआ होता है। अपने अंदर सच्चे व सहज धर्म की स्थापना करने हेतु सहज ध्यान के माध्यम से चित्त व हृदय को दोष मुक्त बनाएं । अपना आत्म साक्षात्कार लेकर अपनी शक्तियों को पहचानने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग केन्द्र पर संपर्क करें। 18002700800 पर कॉल करें तथा वेबसाइट www.sahajyog.in से जानकारी प्राप्त करें।

## Foto Caption



कच्छ पाटीदार धर्मशाला के कारण स्नेह नगर के रहवासी परेशान, देर रात जमकर स्पीकर चलते हैं, लाउडस्पीकर के कारण बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।





इंदौर के सराफ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली धान गली में एक व्यक्ति को अटैक आ गया जिसकी वजह मृत्यु हो गई मृतक के पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर परिजनों संपर्क करने की कर रही कोशिश की गई।

## शिवपुरी में ऊर्जा मंत्री तोमर ने डीएसपी पिछोर प्रशांत शर्मा का किया सम्मान

**रणजीत टाइम्स ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी में ऊर्जा मंत्री तोमर ने डीएसपी पिछोर प्रशांत शर्मा का किया सम्मान गणतंत्र दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश पुलिस के बहादुर अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए सम्मानित किया गया है।



शिवपुरी जिले पिछोर के पुलिस डीएसपी प्रशांत शर्मा को शौर्य के लिए प्रशंसा चिन्ह प्लैटिनम से नवाजा गया है। शिवपुरी मध्य प्रदेश के वीर डीएसपी प्रशांत शर्मा पुलिसकर्मी को उनके बेहतरीन कार्य के लिए सम्मानित किया गया है।

ऊर्जा मंत्री ने पुलिस पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में बहादुर पुलिस अधिकारी को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया। पिछले दिनों संभल हिंसा के दौरान बेहतर कार्य करने वाले शिवपुरी जिले के पिछोर डीएसपी प्रशांत शर्मा को ऊर्जा मंत्री ने प्लेटिनम पुरस्कार से सम्मानित किया है। वहीं, उन्होंने अपनी कुशलता से मामले को नियंत्रित करने का कार्य किया। जैसे की बेहतरीन पुलिसिंग कानून व्यवस्था पर नियंत्रण अपराधों का उच्च स्तरीय निराकरण रात्रि गश्त में औचक निरीक्षण पिछोर में अपराधों में कमी गुंडे बदमाशों पर निवारक कार्यवाही मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही और वही सोशल पुलिसिंग।

### पिछोर नगर में जगह-जगह फहराया गया तिरंगा ध्वज

# एसडीएम कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**रणजीत टाइम्स जगदीश पाल**

पिछोर (शिवपुरी) भारत के संबिधान की 76वीं वर्षगांठ गणतंत्र दिवस समारोह पिछोर एसडीएम कार्यालय के प्रांगण मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस दौरान कार्यक्रम में अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) शिवदयाल धाकड़ द्वारा मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा झंडा) फैहराया गया तथा पुलिस के जवानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई! इसके पश्चात एसडीएम द्वारा मुख्यमंत्री के नाम संदेश वाचन किया गया! कार्यक्रम के दौरान सभी विभागों के विभाग प्रमुख तथा कर्मचारीगण आदि उपस्थित थे! एसडीएम द्वारा विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वालें कर्मचारियों को सम्मानित किया तथा प्रमाणित पत्र वितरण किए गये!

### क्षेत्रीय विधायक ने मोतीसागर तालाब पर फहराया तिरंगा

पिछोर के क्षेत्रीय विधायक प्रीतमसिंह लोधी द्वारा पिछोर के स्थानीय मोतीसागर तालाब व टेकरी सरकार प्रांगण के मध्य बने पार्क पर झंडावंधन करते हुये क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें व बधाई दी। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्तागण एवं आमजन बडी संख्या में मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक प्रीतमसिंह लोधी द्वारा सारगर्भित उदवोधन दिया गया वहीं भाजपा के अन्य वक्ताओं ने भी अपने उदगार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन मुकेश पंसारी ने किया।







### जनपद पंचायत में भी जनपद अध्यक्षा द्वारा फहराया राष्ट्रीय ध्वज

वही पिछोर की जनपद पंचायत कार्यालय में जनपद अध्यक्षा रितु गुप्ता द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा फहराया गया! इस मौके पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मोगराज मीणा, जनपद सदस्य तथा विभागीय अधिकारी,कर्मचारी आदि उपस्थित थे!

### न्यायालय में किया ध्वजारोहण का आयोजन

75 में गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर पिछोर न्यायालय में भी ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अधिवक्तागण, कर्मचारीगण , पुलिस कर्मियों और गणमान्य व्यक्तियों ने द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में तिरंगे को सलामी देकर न्यायाधीश अमनदीप सिंह छाबड़ा द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया गया!इसके बाद न्यायाधीश अमनदीप सिंह छाबड़ा ने देशभक्ति, एकता और संविधान के आदर्शों का महत्व बताते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर न्यायाधीश नेहा प्रजापति भी उपस्थित रही।कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों और वीर जवानों के बलिदान को भी याद किया गया।न्यायाधीश द्वारा सभी लोगों को देश की अखंडता और विकास में अपना योगदान देने की प्रेरणा दी। इसके साथ-साथ नगर पंचायत से नगर परिषद अध्यक्षा कविता पाठक, एसडीओपी कार्यालय(पुलिस) से प्रशांत शर्मा, शिक्षा विभाग कार्यालय से बीईओ विनोद गुप्ता, बीआरसीसी कार्यालय से सुरेश गुप्ता,सहित जेल विभाग,वन विभाग,स्वास्थ्य विभाग, कृषि उपज मंडी, मार्केटिंग सोसायटी, लिटिल एंजिल पब्लिक स्कूल, मैथिलीशरण गुप्त पब्लिक स्कूल, आदि कई संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया!

# रेडिमेड कंपलेक्स परदेशीपुरा में हुआ झंडा वंद

**रणजीत टाइम्स ऋषि गोस्वामी**

इंदौर। रेडीमेड कांप्लेक्स परदेसी पुरा 131 प्लांट पर हुआ झंडा वंदन मुख्य अतिथि रेडीमेड कांप्लेक्स परदेसी पुरा व्यापारी एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विक्की कॉलोनी थे इस अवसर पर व्यापारी गण सिलाई कारीगर प्रेसमन धागे साफ करने वाली भैया मास्टर हेल्पर सभी उपस्थित थे इस अवसर पर राष्ट्रगान किया गया और प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अरुण पाटनी अंबेडकर जी बख्शी राम जैन शैलेंद्र भैया मुख्य रूप से उपस्थित थे उक्त जानकारी अरुण पाटनी ने दी।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )